"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 197] रायपुर, गुरुवार, दिनांक 25 अगस्त 2005—भाद्र 3, शक 1927

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, जनशक्ति नियोजन तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 25 अगस्त 2005

अधिसूचना

क्रमांक-एफ-1-25/2005/42.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ तकनीकी शिक्षा तृतीय श्रेणी (अलिपिक वर्गीय) सेवा में भर्ती के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं ।

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ**—(1) ये नियम "छत्तीसगढ़ तकनीकी शिक्षा तृतीय श्रेणी (अलिपिक वर्गीय) सेवा भरती नियम, 2005" कहलायेंगे ।

(2) यह राजपत्र में उसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. **परिभाषाएं** – इन नियमों में जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो –

(क) सेवा के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, सरकार ।

(ख) परीक्षा से अभिप्रेत है, नियम–11 के अधीन भर्ती के लिए ली गई परीक्षा ।

(ग) " सरकार " से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ सरकार ।

(घ) " राज्यपाल " से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ।

(ङ) "अन्य पिछड़ा वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचना द्वारा घोषित अन्य पिछड़ा वर्ग ।

(च) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों में संलग्न अनुसूची ।

(छ) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति ।

(ज) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति ।

(झ) "सेवा" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ तकनीकी शिक्षा, तृतीय श्रेणी (अलिपिक वर्गीय) सेवा ।

(ञ) "राज्य " से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य ।

(त) "मूल निवासी" से अभिप्रेत है, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के तहत छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी ।

3. **विस्तार तथा लागू होना–** छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में दिये गये उपबंधो की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम इस सेवा के सदस्य पर लागू होंगे।

4. **सेवा का गठन:–** सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात्:–
   (1) वे व्यक्ति जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय अनुसूची एक में विनिर्दिष्ट पद मूल रूप से धारण कर रहे हों
   (2) वे व्यक्ति जो इन नियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किये गये हों और,
   (3) वे व्यक्ति जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये हों

5. **वर्गीकरण, वेतनमान आदि–** सेवा का वर्गीकरण, उनका वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदो की संख्या, अनुसूची– एक में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार होगी ।

परंतु सरकार समय–समय पर सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में स्थायी या अस्थायी आधार पर वृद्धि या कमी कर सकेगी ।

6. **भर्ती का तरीका–** (1) इन नियमों के प्रवृत्त होने के पश्चात सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जायेगी, अर्थात :–
   (क) प्रतियोगिता परीक्षा, मेरिट के आधार पर चयन या दोनो तरीकों से सीधी भर्ती द्वारा ।
   (ख) अनुसूची–चार के कालम (2) में यथालिखित सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा
   (ग) उन व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा, जो मूल रूप से ऐसी सेवा में ऐसे पद धारण करते हों जो इस संबंध में विनिर्दिष्ट किये जायें ।

   (2) इन नियमों के उपबंधों के अधीन भर्ती की किसी भी विशेष अवधि के दौरान भरे जाने के लिये अपेक्षित सेवा के किसी भी विशेष पद या पदों को भरने के प्रयोजन के लिए अपनाया जाने वाला भर्ती का तरीका या तरीके तथा इन तरीकों द्वारा भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या प्रत्येक अवसर पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सरकार के परामर्श से निश्चित की जायेगी ।

   (3) उपनियम–1 के खण्ड (ख) या खण्ड (ग) के अधीन भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची एक में यथा विनिर्दिष्ट पदों की संख्या के अनुसूची दो में दर्शाये गये पदों के प्रतिशत से किसी भी समय अधिक नहीं होगी ।

   (4) उपनियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, सरकार की राय में सेवा की आवश्यकताओं को देखते हुए आवश्यक होने पर सामान्य प्रशासन विभाग. की पूर्व सहमति से सेवा में भर्ती–संबंधी उन तरीकों को छोड़ जिनका उक्त उपनियम में उल्लेख किया गया है, ऐसे अन्य तरीके अपना सकेगी जो सरकार द्वारा इस संबंध में जारी किये गये आदेश द्वारा निर्धारित किये जायें ।

   (5) भर्ती करते समय छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) नियम, 1994 के प्रावधान तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी निर्देश लागू होगें ।

7. **सेवा में नियुक्ति–** इन नियमों के प्रारम्भ होने के पश्चात सेवा में समस्त नियुक्तियॉ सरकार द्वारा की जाएगी और ऐसी नियुक्तियॉ नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीकों द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जायेगी, अन्यथा नहीं ।

8. **सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी की पात्रता की शर्तें** – परीक्षा में स्पर्धा करने/चयन किये जाने के लिये पात्र होने के लिये अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होगी अर्थात :–

(1) **आयु**:–(क) उसने परीक्षा/चयन प्रारम्भ होने की तारीख की ठीक आगामी जनवरी के प्रथम दिन को अनुसूची–तीन के कॉलम (3) में यथा विनिर्दिष्ट आयु प्राप्त कर ली हो, तथा उक्त अनुसूची के कालम (4) में यथा विर्निदिष्ट आयु प्राप्त न की हो ।

(ख) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम, 1997 के नियम–4 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिये उच्चतर आयु–सीमा अधिकतम 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी । यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, जनजाति या अन्य पिछड़े वर्गो का हो तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम पॉच वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।

(ग) उन अभ्यर्थियों को जो छत्तीसगढ़ सरकार के कर्मचारी हैं या कर्मचारी रह चुके हों, उनकी उच्चतर आयु सीमा नीचे विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन बढ़ायी जा सकेगी :

(एक) ऐसा अभ्यर्थी, जो छत्तीसगढ़ का स्थाई अथवा अस्थायी सरकारी सेवक है, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये ।

(दो) अस्थाई रूप से पद धारण करने वाले तथा किसी अन्य पद के लिये आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये । यही छूट आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी, कार्यभारित कर्मचारी तथा परियोजना कार्यान्वयन समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी को भी स्वीकार्य होगी।

(तीन) जो उम्मीदवार छटनी किया गया शासकीय कर्मचारी हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई सम्पूर्ण अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 7 वर्ष तक की अवधि भले ही वह अवधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं के कारण हो, कम करने की अनुमति दी जायेगी बशर्ते इसके परिणाम स्परूप जो आयु, निकले वह अधिकतम आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक न हो ।

स्पष्टीकरण – शब्द "छंटनी किये गये शासकीय कर्मचारी" से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो इस राज्य अथवा किसी भी संघटक इकाई की अस्थायी शासकीय सेवा में कम से कम छः मास तक निरन्तर रहा हो तथा जो रोजगार कार्यालय के अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अथवा आवेदन पत्र देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व कर्मचारियों की संख्या में कमी किये जाने के कारण सेवा मुक्त किया गया हो ।

(घ) ऐसे अभ्यर्थी को, जो "भूतपूर्व सैनिक" हैं, अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिये अनुज्ञात किया जाएगा, बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु–सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो ।

स्पष्टीकरण :– शब्द –"भूतपूर्व सैनिक" से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग में रहा हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम छः माह की अवधि तक निरन्तर सेवा करता रहा हो तथा जिनको किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अन्यथा, आवेदन–पत्र देने की तारीख से अधिक से अधिक 3 वर्ष पूर्व, मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप अथवा कर्मचारियों की संख्या में सामान्य रूप से कमी की जाने के कारण छटनी की गयी हो अथवा जो आवश्यक कर्मचारियों की संख्या से अधिक घोषित किया गया हो :–

(एक) ऐसा भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें मस्टरिंग आउट कन्सेशन के अधीन सेवा से मुक्त कर दिया गया हो ,

(दो) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें दूसरी बार भर्ती किया गया हो, और जिन्हें:–

(क) अल्पकालीन वचनबंध पूर्ण हो जाने पर

(ख) भर्ती संबंधी शर्ते पूर्ण हो जाने पर, सेवा मुक्त कर दिया गया हो,

(तीन) मद्रास सिविल इकाई यूनिट के भूतपूर्व कर्मचारी,

(चार) ऐसे अधिकारी सैनिक तथा असैनिक जिनमें अल्पावधि सेवा के नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी सम्मिलित है जो उनकी संविदा पूर्ण होने पर सेवोन्मुक्त किये गये हो ।

(पॉच) ऐसे अधिकारी, जिन्हें अवकाश रिक्तियों के विरूद्ध पर छह माह से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के बाद सेवोन्मुक्त किया गया हो

(छः) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हे अशक्त होने के कारण सेवा से अलग कर दिया गया हो,

(सात) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया है कि वे अब दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं रहे,

(आठ) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो,

(ड.) विधवा, निराश्रित तथा तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के संबंध में सामान्य उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।

(च) परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीन कार्ड धारण करने वाले अभ्यार्थियों के संबंध में उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 2 वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।

(छ) अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अधीन पुरस्कृत सवर्ण पति/पत्नी के संबंध में उच्चतर आयु सीमा पॉच वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।

(ज) 'विक्रम पुरस्कार धारक' अभ्यर्थियों के संबंध में सामान्य उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी,

(झ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो छत्तीसगढ़ राज्य के निगम/मंडलों के कर्मचारी है, उच्चतर आयु–सीमा 38 वर्ष तक शिथिलनीय होगी,

(ञ) स्वयं-सेवी नगर सैनिकों, होम गार्ड तथा होम गार्ड के नान-कमीशन्ड अधिकारियों के मामले में उनके द्वारा की गयी सेवा की कालावधि के लिये उच्चतर आयु-सीमा 8 (आठ) वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए शिथिल की जायेगी, किन्तु किसी भी मामले में उनकी आयु 38 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिये ।

टिप्पणी-(1) ऐसे अभ्यर्थी जो उपर्युक्त खण्ड (घ) के उपखण्ड (एक) तथा (दो) में वर्णित आयु संबंधी रियायतों के अधीन चयन हेतु पात्र पाए गए हैं, नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे, यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् या तो वे चयन के पूर्व या उसके पश्चात् सेवा से त्यागपत्र दे देते हैं, तथापि यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् उनकी सेवा या पद से छटनी की गई हो तो वे पात्र बने रहेंगे ।

टिप्पणी-(2) किसी भी अन्य मामले में यह आयु सीमाएँ शिथिल नहीं की जाएंगी, विभागीय अभ्यर्थी को चयन के लिए उपसंजात होने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त करनी होगी ।

(ट) सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेश एवं निर्देश लागू रहेंगे ।

(2) **शैक्षणिक अर्हताएँ** -अभ्यर्थी के पास ऐसी शैक्षणिक अर्हताएं होनी चाहिये, जो अनुसूची-तीन, में सेवा के लिये विहित की गई है ।

(3) **फीस** -अभ्यर्थी को आयोग द्वारा विहित की गई फीस का भुगतान करना होगा ।

9. **अनर्हता** :-अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये किन्हीं भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने का कोई भी प्रयास, आयोग द्वारा उसके परीक्षा में प्रवेश/चयन के संबंध में अनर्हता के रूप में माना जायेगा ।

10. **अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा** :- परीक्षा में बैठने के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अन्य बात के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा तथा ऐसे किसी भी अभ्यर्थी को, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी ने प्रवेश प्रमाण-पत्र जारी न किया हो, परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

11. **प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती** :- (1) सेवा में भर्ती के लिये प्रतियोगिता परीक्षा/चयन ऐसे अंतर से ली जायेगी, जिन्हें नियुक्ति प्राधिकारी समय-समय पर सरकार से परामर्श कर निश्चित करे ।

(2) परीक्षा नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार चयन समिति द्वारा ली जायेगी ।

(3) चयन द्वारा सीधी भर्ती :- (क) सेवा में भर्ती के लिये चयन ऐसे अंतरालों से किया जायेगा, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी समय-समय पर अवधारित करे ।

(ख) चयन समिति द्वारा सेवा के लिये अभ्यर्थियों का चयन उनके साक्षात्कार द्वारा किया जाएगा ।

(ग) चयन समिति, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर गठित की जायेगी ।

(घ)सीधी भर्ती के प्रक्रम पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम 1994 (क्रमॉक 21 सन् 1994) के प्रावधानों और सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार अनूसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों लिये पद आरक्षित किये जायेंगे ।

(ड.) इस प्रकार अरक्षित रिक्त सीटों को भरते समय अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों की सूची पर विचार नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आये उनके नामों के कम के अनुसार किया जायेगा चाहे अन्य उम्मीदवारों की तुलना में उनका सापेक्षित स्थान कुछ भी क्यों न हो ।

(च) प्रशासन की दक्षता बनाये रखने का समुचित ध्यान रखते हुए नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थी, उप नियम (3) के अनुसार यथास्थिति अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों के लिये रक्षित रिक्त सीटों पर नियुक्त किये जा सकेंगे ।

(छ) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम 1997 के उपबंधो के अनुसार सीधी भर्ती के प्रक्रम में 30 प्रतिशत पद महिला अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रखे जायेंगे ।

(ज) विकलांग अभ्यर्थियों के आरक्षण के लिए सामान्य प्रशासन विभाग से जारी निर्देश लागू होंगे ।

(झ) सेवा में भर्ती हेतु अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना आवश्यक है ।

(ञ) ऐसे मामलों में जहां सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिये कुछ कालावधि का अनुभव आवश्यक शर्त के रूप में विहित किया गया है और नियुक्ति प्राधिकारी की राय में यह पाया जाता है कि आरक्षित पदों पर भर्ती के लिये अपेक्षित अनुभव रखने वाले अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडा वर्गो के अभ्यर्थियों पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है वहां नियुक्ति प्राधिकारी अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के अभ्यर्थियों के बारे में अनुभव की शर्त को शिथिल कर सकेगा ।

(ट) सीधी भर्ती से नियुक्ति के लिए संस्था प्रमुख, अग्रणी समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित करवाएगा, ऐसे मामले में स्थानीय रोजगार कार्यालय से नाम बुलवाया जाना बाध्यकार नहीं होगा । सीधी भर्ती से भरे जाने वाले पदों के लिए मेरिट के आधार पर चयन के लिए नियुक्ति प्राधिकारी निम्नानुसार या कोई अन्य युक्ति संगत तरीका अपना सकेगा :–

1.	न्यूनतम अर्हता	–	80 (अधिकतम) ।
2.	उच्च योग्यता	–	05 (केवल डिप्लोमा एवं स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि ही मान्य होंगे)
3.	अपेक्षित अनुभव	–	10 (एक वर्ष के लिये 2 अंक)
4.	साक्षात्कार	–	05 (अधिकतम)

12. **चयन समिति द्वारा सिफारिश किये गये अभ्यर्थियों की सूची** :– (1) चयन समिति अपने द्वारा निश्चित किए गए मानकों के अनुसार अर्ह उम्मीदवारों की योग्यता कम से बनाई गई सूची तथा अनुसूचित

जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के उन उम्मीदवारों की सूची, जो यद्यपि उक्त मानक के अनुसार अर्ह नहीं है, किंतु जिन्हें चयन समिति ने प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का समुचित ध्यान रखते हुए, सेवा मे नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किया है, सरकार को भेजेगा । यह सूची सर्वसाधारण की सूचना के लिये भी प्रकाशित की जाएगी ।

(2) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अधीन उपलब्ध रिक्त स्थानों पर सूची में दिए गए नामों के क्रम से उम्मीदवारों की नियुक्ति के संबंध में विचार किया जाएगा ।

(3) सूची में किसी उम्मीदवार का नाम सम्मिलित किये जाने संबंधी तथ्य ही उसे तब तक नियुक्ति का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी ऐसी जॉच करने के बाद, जिसे वह आवश्यक समझे, इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाए कि उम्मीदवार सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है ।

13. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति–** (1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिये एक समिति गठित की जायेगी, जिसमें अनुसूची चार में वर्णित सदस्य होंगे । परंतु इस उपनियम के अधीन समिति के गठन के प्रयोजन के लिये छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडा वर्गो के लिये आरक्षण) अधिनियम 1994 (क्रमांक 21 सन 1994) के उपबंधों का भी अनुसरण किया जायेगा ।

(2)समिति का सम्मिलन ऐसे अंतरालों पर होगा, जो साधारणतः एक वर्ष से अधिक नहीं हो ।

(3)छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधो के अनुसार पदोन्नति में आरक्षण रहेगा ।

(4)आरक्षित रिक्तियों में पदोन्नति करने हेतु प्रकिया उपनियम (3) में उल्लेखित नियम तथा सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार रहेगी ।

14. **पदोन्नति/स्थानान्तरण के लिए पात्रता संबंधी शर्तें :–** (1) उपनियम (2) के उपबंधों के अधीन रहते हुए, समिति उन सभी व्यक्तियों के मामले पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की एक जनवरी को उन पदों पर, जिनसे पदोन्नति की जानी है या किसी अन्य पद या पदों पर, जिन्हें शासन ने उनके समतुल्य घोषित किया हो स्थानान्तरण या मौलिक रूप से उतने वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो जितनी अनुसूची चार के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट है और जो उप नियम (2) के उपबंध के अनुसार विचारार्थ क्षेत्र में आते हों ।

स्पष्टीकरण :– पदोन्नति के लिये पात्रता हेतु संगणना की रीति– संबंधित वर्ष जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति/छानबीन समिति आहूत की जाती है की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा की अवधि की गणना उस वर्ष से की जायेगी जिसमें लोक सेवक फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आया है और न कि वेतनमान में आने की तारीख से ।

(2) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के अनुसार पदोन्नति के लिये चयन के लिये विधिमान्य होंगे ।

15. **<u>उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची का तैयार किया जाना –</u>** (1) विभागीय पदोन्नति समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी जो नियम 14 में विहित शर्तो को पूरा करते हों तथा जिन्हे समिति द्वारा

सेवा में पदोन्नति/स्थानान्तरण के लिये उपयुक्त समझा गया हो । यह सूची चयन सूची तैयार किये जाने की तारीख से एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त होगी । उक्त सूची में सम्मिलित किये गये व्यक्तियों की संख्या के 25 प्रतिशत व्यक्तियों की एक आरक्षित सूची पूर्वोक्त कालावधि के दौरान होने वाली अनपेक्षित रिक्तियों को भी भरने के लिये तैयार की जायेगी।

(2) चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी के पद पर और तृतीय श्रेणी से तृतीय श्रेणी के पद पर पदोन्नति के लिये व्यक्तियों की चयन सूची तैयार करने के लिये मानदंड ज्येष्ठता–सह–उपयुक्तता (सीनियरिटी सब्जेक्ट टू फिटनेस) होगी ।

(3) चयन सूची तैयार करते समय सूची में शामिल किये गये व्यक्तियों के नाम अनुसूची चार के कॉलम (2) में यथा विर्निदिष्ट किये गये अनुसार सेवा या पदों में उनकी ज्येष्ठता के क्रम में रखे जायेंगे ।

(4) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के उन अभ्यर्थियों को जिन्हें नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिये योग्य घोषित किया गया हो, यथास्थिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा ।

(5) इस प्रकार तैयार की गयी सूची प्रतिवर्ष पुर्नविलोकित तथा पुनरीक्षित की जायेगी ।

(6) यथास्थिति चयन, पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण की प्रकिया के दौरान यदि सेवा के किसी सदस्य को अधिकमित करना प्रस्तावित किया जाता है तो समिति प्रस्तावित अधिकमण के संबंध में अपने कारणों को अभिलिखित करेगी ।

स्पष्टीकरण –ऐसे व्यक्ति का जिसका नाम चयन सूची में शामिल किया गया हो, किन्तु जिसे सूची की विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत नहीं किया गया हो केवल उसके पूर्वोत्तर चयन के तथ्य से ही उन व्यक्तियों के उपर जिन पर पश्चातवर्ती चयन में विचार किया गया है, ज्येष्ठता का कोई दावा नहीं होगा ।

16 **चयन सूची**– (1)नियुक्ति प्राधिकारी समिति द्वारा तैयार की गयी सूची पर समिति से प्राप्त अन्य दस्तावेजों के साथ विचार करेगी और जब तक वह कोई परिवर्तन आवश्यक न समझे, सूची को अनुमोदित करेगा।

(2) यदि नियुक्ति प्राधिकारी समिति से प्राप्त सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे तो वह प्रस्तावित परिवर्तनों की सूचना समिति को देगा तथा समितियों की टिप्पणियों, यदि कोई हो, पर विचार करने के पश्चात सूची को ऐसे उपांतरणों, यदि कोई हो, के साथ, जो उसकी राय में न्यायपूर्ण तथा उचित हो, अंतिम रूप से अनुमोदित कर सकेगा ।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित सूची अनुसूची चार के कालम (2) में वर्णित पदों से उक्त अनुसूची चार के कालम (3) में वर्णित पदो पर सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिये चयन सूची होगी ।

(4) चयन सूची साधारणतः तब तक प्रवृत्त रहेगी जब तक कि नियम 15 के उपनियम (5) के अनुसार, उसका पुर्नविलोकित या पुनरीक्षित नहीं कर लिया जाता किन्तु उसकी विधिमान्यता उसके तैयार किये जाने की तारीख से 18 मास की कुल कालावधि से परे नहीं बढ़ाई जायेगी ।

परंतु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से आचरण या कर्तव्य पालन में गंभीर चूक होनें की दशा में चयन सूची का विशेषरूप से पुनर्विलोकन नियुक्ति प्राधिकारी की प्रेरणा पर किया जा सकेगा और विभागीय पदोन्नति समिति यदि वह उचित समझे तो ऐसे व्यक्ति का नाम चयन सूची से हटा सकेगी ।

17. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति–** (1) चयन सूची में सम्मिलित कर्मचारियों की सेवा संवर्ग के पदों पर नियुक्तियां उसी कम में की जाएगी जिस कम में ऐसे कर्मचारियों के नाम सूची में आए हों ।
(2) किसी ऐसे व्यक्ति की, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित है सेवा में नियुक्ति के पूर्व विभागीय पदोन्नति समिति से परामर्श करना सामान्यतः तब तक आवश्यक नहीं होगा जब तक कि चयन सूची में उसका नाम सम्मिलित किये जाने तथा उसकी प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख के बीच की कालावधि के दौरान उसके कार्य में कोई ऐसी गिरावट न आ गई हो जिससे कि वह नियुक्ति प्राधिकारी की राय में सेवा में नियुक्ति के लिये अनुपयुक्त हो गया हो ।

18. **परिवीक्षा–** सेवा में सीधी भर्ती या पदोन्नति से भर्ती किये गये प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्ष की कालावधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्त किया जायेगा ।

19. **निर्वचन–** यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उठे तो उसे सरकार को निर्दिष्ट किया जायेगा, जिस पर उसका निर्णय अंतिम होगा ।

20. **शिथिलीकरण–** इन नियमों में दी गई किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह राज्यपाल को, ऐसे व्यक्ति के मामले में, जिस पर ये नियम लागू होते हैं, ऐसी रीति से कार्यवाही करने की, जो उसे न्यायसंगत और साम्यपूर्ण प्रतीत हो, शक्ति को सीमित या कम करती है,

परंतु कोई मामला ऐसी रीति से नहीं निपटाया जाएगा जो कि इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिये कम अनुकूल हो ।

21. **व्यावृत्ति–** इन नियमों की कोई भी बातें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए राज्य शासन द्वारा समय–समय पर इस संबंध में जारी किए गए आदेशों के अनुसार उपबंध किए जाने हेतु अपेक्षित आरक्षण तथा अन्य शर्तों को प्रभावित नहीं करेगी ।

22. **निरसन और व्यावृत्ति**– मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग, तकनीकी शाखा, तृतीय श्रेणी (अलिपिक वर्गीय) भरती नियम 1980 (समसंख्यक अधिसूचना क. 121–4–73–एच–8–बीस दिनांक 26 अप्रेल 1980) छत्तीसगढ़ राज्य में इसके विस्तार के संबंध में तथा इन नियमों के प्रारंभ् होने के तत्काल पूर्व प्रवृत्त अन्य नियम एवं संकल्प इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद् द्वारा निरसित किये जाते हैं ।

परंतु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई भी आदेश या की गई कोई कार्रवाई इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन दिया गया आदेश या की गई कार्रवाई समझी जायेगी ।

अनुसूची कमांक – चार
(नियम 13 और 14 देखिये)

अनुक्रमांक	उस पद/सेवा का नाम जिससे पदोन्नति की जावेगी	उस सेवा या पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जावेगी	पात्रता की कालावधि	पदोन्नति हेतु शैक्षणिक अर्हता	विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्य
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	क. *संचालनालय तकनीकी शिक्षा* डाटा एण्ट्री ऑपरेटर	प्रोग्राम सहायक	10 वर्ष	देखिए अनुसूची–तीन	(1)वरिष्ठ प्राचार्य, इंजी. महा.–अध्यक्ष (2)वरिष्ठ प्राचार्य, पॉली. –उपाध्यक्ष (3)संयुक्त संचालक, (संचालक तकनीकी शिक्षा द्वारा नाम निर्दिष्ट)–सदस्य (4)प्रोफेसर संबंधित विषय, (संचालक तकनीकी शिक्षा द्वारा नाम निर्दिष्ट)–सदस्य
1	ख **अभियांत्रिकी महाविद्यालय/पॉलीटेक्निक** कर्मशाला सहायक /कर्मशाला निर्देशक /कनिष्ठ निर्देशक /तकनीकी सहायक	असिस्टेंट वर्कशॉप फोरमेन	5 वर्ष	तदैव	तदैव
2	डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/कम्प्यूटर ऑपरेटर/कम्प्यूटर कक्ष सहायक	प्रोग्राम सहायक	10 वर्ष	तदैव	तदैव
3	डिमांस्ट्रेटर/यंत्र सुधारक / मैकेनिक /मेन्टेनेंस तकनिशियन	कनिष्ठ अनुदेशक	5 वर्ष	तदैव	तदैव
4	अनुदेशक/ मशीनशॉप अनुदेशक	कर्मशाला अनुदेशक	5 वर्ष	तदैव	तदैव
5	मेट्रन/केयर टेकर (पॉलीटेक्निक)	कैंपस सुपरवाईजर	5 वर्ष	तदैव	तदैव
6	प्रयोगशाला तकनीशियन	तकनीकी सहायक	5 वर्ष	तदैव	तदैव
7	कुशल परिचारक (प्रयोगशाला) /प्रयोगशाला सहायक	प्रयोगशाला तकनीशियन	5 वर्ष	तदैव	तदैव
8	कुशल सहायक(कर्मशाला)/बायलर अटेंडेंट	अनुदेशक	5 वर्ष	तदैव	तदैव
9	ट्रेसर	ड्राफ्ट्समेन (मानचित्रकार)	12 वर्ष	तदैव	तदैव
10	प्रयोगशाला परिचारक	कुशल परिचारक (प्रयोगशाला)	5 वर्ष	तदैव	तदैव
11	कर्मशाला परिचारक/सहायक अनुदेशक	कुशल सहायक (कर्मशाला)	5 वर्ष	तदैव	तदैव

अनुसूची–एक
(नियम–4 देखिये)

अनुक्रमांक	सेवा में सम्मिलित पद का नाम	कुल स्वीकृत पद	वर्गीकरण	वेतनमान	टिप्पणी
(01)	(02)	(03)	(04)	(05)	(06)
(क)	संचालनालय तकनीकी शिक्षा				
1	प्रोग्राम सहायक	1	अलिपिकीय	5500–9000	
2	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	4	–तदैव–	4500–7000	
3	मेकेनिक कम ऑपरेटर	1	–तदैव–	4000–6000	डाइंग केडर
(ख)	अभियांत्रिकी महाविद्यालय/पॉलीटेकनिक				
1	प्रोग्राम सहायक	1	अलिपिकीय	5500–9000	
2	ड्राफ्टसमेन (मानचित्रकार)	29	–तदैव–	5000–8000	
3	असिस्टेन्ट वर्कशाप फोरमेन	01	–तदैव–	5000–8000	
4	मेट्रन/केयर–टेकर				
	(अ) इंजीनियरिंग महाविद्यालय	04	–तदैव–	4500–7000	
	(ब) पॉलीटेक्निक (अंबिकापुर को छोड़कर)	05	–तदैव–	4000–6000	
	(स) पॉलीटेक्निक अंबिकापुर	01	–तदैव–	3050–4590	
5	कम्प्यूटर ऑपरेटर	01	–तदैव–	4500–7000	
6	तकनीकी सहायक	72	–तदैव–	4500–7000	
7	कर्मशाला सहायक	2	–तदैव–	4500–7000	
8	कम्प्युटर कक्ष सहायक	01	–तदैव–	4500–7000	
9	फोटोग्राफिक सहायक	01	–तदैव–	4500–7000	
10	कर्मशाला निर्देशक	69	–तदैव–	4500–7000	
11	यंत्र सुधारक	8	–तदैव–	4000–6000	
12	चार्ज मेन	02	–तदैव–	4000–6000	
13	इन्स्ट्रूमेंट रिपेयर	02	–तदैव–	4000–6000	
14	मशीनशाप निर्देशक	02	–तदैव–	4000–6000	
15	प्रयोगशाला तकनीशियन	109	–तदैव–	4000–6000	
16	सेनेटरी इन्सपेक्टर	01	–तदैव–	3500–5200	
17	मेकेनिक ग्रेड– 2	01	–तदैव–	3500–5200	
18	सहायक ग्रंथपाल	06	–तदैव–	3500–5200	
19	ग्रंथालय लिपिक	05	–तदैव–	3050–4590	
20	कुशल परिचारक	12	–तदैव–	3050–4590	
21	बायलर अटेन्डेन्ट	06	–तदैव–	3050–4590	
22	गैस मेकेनिक	01	–तदैव–	3050–4590	
23	इंजन ड्रायवर	02	–तदैव–	3050–4590	
24	इंजन अटेन्डेन्ट	03	–तदैव–	3050–4590	
25	समयपाल	03	–तदैव–	3050–4590	
26	कुशल सहायक	62	–तदैव–	3050–4590	
27	विद्युतकार	17	–तदैव–	3050–4590	
28	ट्रेसर	04	–तदैव–	3050–4590	
29	कम्पाउन्डर	01	–तदैव–	3050–4590	प्रतिनियुक्ति से
30	कनिष्ठ निर्देशक	15	–तदैव–	4500–7000	
31	प्लम्बर फीटर	02	–तदैव–	3050–4590	
32	कैंपस सुपरवाइजर	03	–तदैव–	4500–7000	
33	डाटा एंट्री ऑपरेटर	04	–तदैव–	4500–7000	

(01)	(02)	(03)	(04)	(05)	(06)
34	सर्वे फील्ड सहायक	01	–तदैव–	4500–7000	
35	निर्देशक	69	–तदैव–	4000–6000	
36	डिमान्स्ट्रेटर	03	–तदैव–	4000–6000	
37	टाईप राइटर मैकेनिक	02	–तदैव–	4000–6000	
38	मोटर चालक	04	–तदैव–	3050–4590	
39	प्रयोगशाला सहायक	04	–तदैव–	3050–4590	
40	मैकेनिक	03	–तदैव–	4000–6000	
41	मेंटेनेंस तकनीशियन	09	–तदैव–	4000–6000	
(ग)	**शासकीय पूर्व व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र– रतनपुर एवं जशपुर :**				
1	केरियर मास्टर	2	–तदैव–	5000–8000	
2	जनरल एजुकेशन टीचर	6	–तदैव–	4500–7000	
3	काफ्ट इन्स्ट्रक्टर	8	–तदैव–	4000–6000	
4	कर्मशाला सहायक	2	–तदैव–	4000–6000	

अनुसूची–दो
(नियम–4 देखिये

अनुक्रमांक	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	स्वीकृत पदों की संख्या	भरे जाने वाले पदो की संख्या का प्रतिशत			टिप्पणी
			सीधी भरती द्वारा	सेवा के मूल अरथाई सदस्यों की पदोन्नति द्वारा	अन्य सेवा के व्यक्तियों के स्थानां –तरण द्वारा	
(01)	(02)	(03)	(04)	(05)	(06)	(07)
(क)	संचालनालय तकनीकी शिक्षा					
1	प्रोग्राम सहायक	1	—	100	–	
2	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	4	100	—	–	
3	मेकेनिक कम ऑपरेटर	1	100	—	–	डाइंग केडर
(ख)	अभियांत्रिक महाविद्यालय / पॉलीटेकनिक					
1	प्रोग्राम सहायक	1	–	100	–	
2	ड्राफ्ट्समेन (मानचित्रकार)	29	75	25	–	
3	असिस्टेन्ट वर्कशाप फोरमेन	01	–	100	–	
4	मेट्रन / केयर टेकर	10	100	–	–	
5	कम्प्यूटर ऑपरेटर	01	100	–	–	
6	तकनीकी सहायक	72	25	75	–	
7	कर्मशाला सहायक	2	–	100	–	
8	कम्प्युटर कक्ष सहायक	01	100	–	–	
9	फोटोग्राफिक असिस्टेन्ट	01	100	–	–	
10	कर्मशाला निर्देशक	69	50	50	–	
11	यंत्र सुधारक	8	100	–	–	
12	चार्ज मेन	02	100	–	–	
13	इन्स्ट्रूमेंट रिपेयर	02	100	–	–	
14	मशीनशॉप निर्देशक	02	100	–	–	
15	प्रयोगशाला तकनीशियन	109	50	50	–	
16	सेनेटरी इन्सपेक्टर	01	100	–	–	
17	मेकेनिक ग्रेड– 2	01	100	–	–	
18	सहायक ग्रंथपाल	06	100	–	–	
19	ग्रंथालय लिपिक	05	100	–	–	
20	कुशल परिचारक	12	50	50	–	
21	बायलर अटेन्डेन्ट	06	100	–	–	
22	गैस मेकेनिक	01	100	–	–	
23	इंजन ड्रायवर	02	100	–	–	
24	इंजन अटेन्डेन्ट	03	100	–	–	
25	समयपाल	03	100	–	–	
26	कुशल सहायक	62	75	25	–	
27	विद्युतकार	17	100	–	–	
28	ट्रेसर	04	100	–	–	
29	कम्पाउन्डर	01		–	–	प्रतिनियुक्ति
30	कनिष्ठ निर्देशक	15	50	50	–	–
31	प्लम्बर फीटर	02	100	–	–	–
32	कैंपस सुपरवाईजर	03	25	75	–	–
33	डाटा एंट्री ऑपरेटर	04	100	–	–	–
34	सर्वे फील्ड सहायक	01	100	–	–	–

(01)	(02)	(03)	(04)	(05)	(06)	(07)
35	अनुदेशक	69	50	50	–	–
36	डिमान्स्ट्रेटर	03	100	–	–	–
37	टाईप राइटर मैकेनिक	02	100	–	–	–
38	मोटर चालक	04	100	–	–	–
39	प्रयोगशाला सहायक	04	100	–	–	–
40	मैकेनिक	03	100	–	–	–
41	मेंटेनेंस तकनीशियन	09	100	–	–	–
;गद्ध	शासकीय पूर्व व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र – रतनपुर एवं जशपुर					
1	केरियर मास्टर	2	–	100	–	
2	जनरल एजुकेशन टीचर	6	100	–	–	
3	काफ्ट इन्स्ट्रक्टर	8	100	–	–	
4	कर्मशाला सहायक	2	100	–	–	

अनुसूची–तीन
(नियम 8.2 देखिये)

अ.क्र.		पदों के नाम	सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा		शैक्षणिक अर्हता	नियुक्ति प्राधिकारी
			न्यूनतम	अधिकतम		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
					अभियांत्रिक महाविद्यालय /पॉलीटेकानेक	
1	तकनीकी शिक्षा	प्रोग्राम सहायक	18	30	प्रथम श्रेणी में कम्प्यूटर साईंस या इन्फार्मेशन टेक्नालाजी में छ.ग.के किसी मान्यता प्राप्त संस्था से पत्रोपाधि या समकक्ष पत्रोपाधि के साथ किसी मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर सेंटर से कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग का कम से कम दो वर्ष का अनुभव । या गणित, भौतिकी /सांख्यिकी विषय के साथ में प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि के साथ 1 वर्ष का पी.जी.डी.सी.ए. एवं किसी मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर केन्द्र से कम से कम 1 वर्ष का अनुभव ।	संस्था प्रमुख
2		असिस्टेन्ट वर्कशाप फोरमेन	18	30	छ.ग. के किसी मान्यता प्राप्त संस्था से धातुकर्म /मेकेनिकल इंजीनियरिंग में कम से कम द्वितीय श्रेणी में पत्रोपाधि या समकक्ष पत्रोपाधि एवं 3 वर्ष का अनुभव । या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का सक्षमता प्रमाण पत्र के साथ संबंधित ट्रेड में 7 वर्ष का अनुभव ।	संस्था प्रमुख
3		ड्राफ्टसमेन (मानचित्रकार)	18	30	छत्तीसगढ़ के किसी मान्यता प्राप्त संस्था से सिविल /मेकेनिकल / इलेक्ट्रिकल/माइनिंग/आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में कम से कम द्वितीय श्रेणी की पत्रोपाधि या समकक्ष पत्रोपाधि तथा तीन वर्ष का अनुभव या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का नक्शानवीसी ड्राफ्टसमेन शिप में सक्षमता प्रमाण पत्र के साथ संबंधित ट्रेड में 5 वर्ष का अनुभव।	संस्था प्रमुख
4		मेट्रन/केयर टेकर	18	30	छ.ग. के किसी मान्यता प्राप्त वि.वि.से कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि या समकक्ष उपाधिय भंडार के रखरखाव लेखा संबंधी कार्य एवं कंम्प्यूटर कार्य में दक्षता रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी । मेट्रन का पद महिला छात्रावास के लिए है ।	संस्था प्रमुख
5		कम्प्युटर ऑपरेटर /डाटा एंट्री ऑपरेटर/ कम्प्युटर कक्ष सहायक	18	30	गणित/भौतिक/सांख्यिकी में कम से कम 50:अंक सहित स्नातक उपाधि के साथ कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग का 3 वर्ष का अनुभव । या कम्प्यूटर साइंस इम्फार्मेशन टेक्नालाजी में कम से कम द्वितीय श्रेणी में पत्रोपाधि के साथ 1 वर्ष का कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग का अनुभव. । या पॉलीटेक्निक से किसी भी विषय में पत्रोपाधि के साथ मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से कम्प्युटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेन्ट. में 1 वर्ष का प्रमाण–पत्र **नोटः–डाटा एंट्री की गति 10000 डिप्रेशन/घंटा होना आवश्यक है ।** (कोबोल/पारकल/एम.एस. ऑफिस/पेजमेकर आदि नवीनतम प्रचलित ऑपरेटिंग सिस्टम की ज्ञान रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी) ।	संस्था प्रमुख

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
6		तकनीकी सहायक	18	30	**(अ) तकनीकी** – छ.ग. की किसी मान्यता प्राप्त संस्था से इंजीनियरिंग की समुचित शाखा में कम से कम द्वितीय श्रेणी में पत्रोपाधि या समकक्ष पत्रोपाधि । या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से समुचित व्यवसायिक ट्रेड में सक्षमता प्रमाण पत्र के साथ संबंधित ट्रेड में 5 वर्ष का अनुभव । **(ब) विज्ञान** – छ.ग. के किसी मान्यता प्राप्त संस्था से रसायन शास्त्र/भौतिक शास्त्र/जीवविज्ञान अथवा भू–विज्ञान विषय सहित कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातक की उपाधि	संस्था प्रमुख
7		सर्वे फील्ड असिस्टेन्ट	18	30	छत्तीसगढ़ के किसी मान्यता प्राप्त संस्था से सिविल इंजीनियरी अथवा माइनिंग में कम से कम द्वितीय श्रेणी में पत्रोपाधि या समकक्ष पत्रोपाधि के साथ 2 वर्ष का अनुभव (माइन सर्वे में अनुभवी व्यक्ति को अधिमान दिया जावेगा)	संस्था प्रमुख
8		कनिष्ठ अनुदेशक /कर्मशाला सहायक/ अनुदेशक/ कर्मशाला अनुदेशक	18	30	छ.ग. के किसी मान्यता प्राप्त संस्था से इंजीनियरिंग की समुचित शाखा में कम से कम द्वितीय श्रेणी में पत्रोपाधि या समकक्ष पत्रोपाधि । या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के संबंधित व्यवसायिक ट्रेड में सक्षमता प्रमाण पत्र के साथ संबंधित ट्रेड में 3 वर्ष का अनुभव	संस्था प्रमुख
9		फोटोग्राफिक असिस्टेन्ट	18	30	हायर सेकेन्डरी/12 वीं पास तथा किसी प्रसिद्ध स्टूडियो में फोटोग्राफी का 5 वर्ष का अनुभव । (किसी मान्यता प्राप्त संस्था से फोटोग्राफी में सक्षमता प्रमाण पत्र को वरीयता दी जायेगी) ।	संस्था प्रमुख
10		यंत्र सुधारक	18	30	प्रिसीजन/इलेक्ट्रानिक्स इन्स्ट्रूमेंट तथा उपकरण की मरम्मत तथा सर्विसिंग में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से सक्षमता प्रमाण पत्र के साथ संबंधित ट्रेड में 3 वर्ष का अनुभव ।	संस्था प्रमुख
11		चार्ज मेन (कर्मशाला)	18	30	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से संबधित व्यवसाय (ट्रेड) में सक्षमता प्रमाण पत्र के साथ 3 वर्ष का संबंधित व्यवसाय (ट्रेड) में अनुभव	संस्था प्रमुख
12		सेनेटरी इन्सपेक्टर	18	30	जैसा कि लोक स्वास्थ्य विभाग में विहित हो ।	संस्था प्रमुख
13		मशीनशाप अनुदेशक	18	30	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से मशीनिस्ट/ग्राइंडर ट्रेड में सक्षमता प्रमाण पत्र के साथ संबंधित ट्रेड में 3 वर्ष का अनुभव	संस्था प्रमुख
14		प्रयोगशाला तकनीशियन	18	30	(अ) तकनीकी–किसी मान्यता प्राप्त संस्था से इंजीनियरिंग की समुचित शाखा में पत्रोपाधि (ब) विज्ञान–किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान विषय में स्नातक उपाधि (भौतिक/रसायन/भू–विज्ञान विषय के साथ) ।	संस्था प्रमुख
15		मेकेनिक ग्रेड–2	18	30	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से समुचित ट्रेड में सक्षमता प्रमाण पत्र के साथ संबंधित ट्रेड में 3 वर्ष का अनुभव	संस्था प्रमुख
16		समयपाल	18	30	हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रमाण पत्र उत्तीर्ण ।	संस्था प्रमुख
17		लेबोरेटरी असिस्टेन्ट	18	30	विज्ञान विषयों सहित हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रमाण पत्र	संस्था प्रमुख
18		मेन्टेनेंस तकनीशियन	18	30	(अ)मैकेनिकल–मशीनीस्ट/फीटर ट्रेड में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का सक्षमता प्रमाण–पत्र एवं किसी औद्योगिक संस्थान में पाँच वर्ष का कार्यअनुभव । (ब)इलेक्ट्रिकल–इलेक्ट्रीशियन/इलेक्ट्रानिक्स ट्रेड में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का सक्षमता प्रमाण–पत्र एवं किसी आद्योगिक संस्थान में 5 वर्ष का कार्यानुभव ।	संस्था प्रमुख
19		कम्प्युटर हार्डवेयर मैकेनिक	18	30	हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण एवं कम्प्यूटर मैकेनिक ट्रेड में आई.टी.आई. सक्षमता प्रमाण–पत्र एवं किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में एक वर्ष का कार्यानुभव ।	संस्था प्रमुख
20		डिमान्स्ट्रेटर	18	30	इंजीनियरिंग की समुचित तकनीकी शाखाध्खनिकर्म (माइनिंग) इंजीनियरी की शाखा में कम से कम द्वितीय श्रेणी की पत्रोपाधि (अनुभवी उम्मीदवारों को अधिमान दिया जायेगा)	संस्था प्रमुख
21.		सहायक ग्रंथपाल/ग्रंथा. लिपिक	18	30	छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से 10+2 प्रणाली में 12वीं परीक्षा या समकक्ष परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने के साथ पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण.	संस्था प्रमुख
22.		बायलर अटेन्डेन्ट	18	30	कम से कम द्वितीय श्रेणी का बायलर अटेन्डेन्ट प्रमाण पत्र (जिन उम्मीदवारों के पास हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रमाण पत्र होगा उनको अधिमान दिया जायेगा) ।	संस्था प्रमुख
23.		कुशल सहायक/ अटेण्डेन्ट	18	30	मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से समुचित ट्रेड में सक्षमता प्रमाण पत्र (अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता दी जायेगी) ।	संस्था प्रमुख
24		इंजन ड्रायवर/ अटेन्डेन्ट	18	30	ड्रायवर/मेकेनिक ट्रेड में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के सक्षमता प्रमाण पत्र सहित आई. सी. इंजनो का संचालन और अनुरक्षण का 3 वर्ष का अनुभव।	संस्था प्रमुख

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
25		गैस मेकेनिक	18	30	कम से कम हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रमाण पत्र तथा उपयुक्त व्यावसाय में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के सक्षमता प्रमाण पत्र सहित केरोसिन आईल गैस और गैस प्लांट के अनुरक्षण का 3 वर्ष का अनुभव ।	संस्था प्रमुख
26		विद्युतकार	18	30	विद्युतकार व्यवसाय में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के सक्षमता प्रमाण पत्र सहित संबंधित ट्रेड में 2 वर्ष का अनुभव या 10वी कक्षा उत्तीर्ण तथा म.प्र/छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के लाइसेंसिंग बोर्ड से वायरमेन के लायसेंस प्रमाण-पत्र या समकक्ष प्रमाण-पत्र ।	संस्था प्रमुख
27		कम्पाउन्डर	18	30	जैसा कि लोक स्वास्थ्य विभाग में विहित हों ।	संस्था प्रमुख
28		ट्रेसर	18	30	मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से नक्शा नवीसी (ड्राफ्समेन शिप) में सक्षमता प्रमाण पत्र ।	संस्था प्रमुख
29		केरियर मास्टर	18	30	शिक्षा में स्नातक उपाधि या कला में मनोविज्ञान एक विषय सहित उपाधि अथवा कृषि में स्नातक उपाधि अथवा उसके समकक्ष तथा अध्यापन कार्य के 3 साल के अनुभव और हिन्दी भाषा पर अधिकार/ विज्ञान स्नातक कृषि उपाधि का अधिमान दिया जायेगा ।	संचालक
30		जनरल एजुकेशन टीचर	18	30	बी.ए./ बी.एस.सी. सहित बी.टी.आई./बी.एड (अध्यापन अनुभव को अधिमान दिया जायेगा)।	संचालक
31		काफ्ट इन्स्ट्रक्टर	18	30	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के संबंधित ट्रेड में सक्षमता प्रमाण पत्र सहित 3 वर्ष का अनुभव तथा हिन्दी में पढाने की क्षमता	संचालक
32		ड्राइवर	18	30	कक्षा 10वीं उत्तीर्ण सहित भारी वाहन चालक का लायसेंस एवं 3 वर्ष कार्यानुभव	संस्था प्रमुख
33		प्लम्बर फीटर	18	30	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से संबंधित ट्रेड में सक्षमता प्रमाणपत्र तथा संबंधित ट्रेड में एक वर्ष का अनुभव ।	संस्था प्रमुख
34		कैंपस सुपरवाईजर	18	30	किसी भी विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि ।	संस्था प्रमुख
35		टाईपराईटर मैकेनिक	18	30	फीटर व्यवसाय में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का सक्षमता प्रमाण-पत्र तथा टाईपराईटर मरम्मत का 5 वर्ष का अनुभव या संबंधित शाखा में 10 वर्ष का व्यवहारिक अनुभव ।	संस्था प्रमुख

टीपः- तकनीकी सहायक एवं प्रयोगशाला तकनीशियन के पदों पर संस्था के आवश्यकतानुसार तकनीकी विभागों के लिए तकनीकी योग्यता (पत्रोपाधि या आई.टी.आई. प्रमाण पत्र) धारी को एवं अतकनीकी विभाग या पाठ्यकम जैसे- भौतिकी एवं रसायन तथा अन्य प्रयोगशाला के लिए विज्ञान योग्यताधारी को नियुक्त किया जा सकेगा ।

Raipur, the 25th August 2005

NOTIFICATION

No. F-1-25/2005/42.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Chhattisgarh hereby makes the following rules relating to the Recruitment of Chhattisgarh Technical Education, Class-III (Non-Ministerial) Service.

RULES

1. **Short title and commencement:** - (1) These rules may be called the "Chhattisgarh Technical Education Class-III (Non-Ministerial) Service Recruitment Rules, 2005".
   (2) It shall come into force with effect from the date of its publication in the Official Gazette.

2. **Definitions:** - In these rules, unless the context otherwise requires, -
   (a) "Appointing Authority" in respect of the service means the Government.
   (b) "Examination" means the competitive examination for recruitment conducted under Rule 11
   (c) "Government" means the Government of Chhattisgarh.
   (d) "Governor" means the Governor of Chhattisgarh.
   (e) "Other Backward Classes" means the Other Backward Classes declared by the State Government from time to time by Notification.
   (f) "Schedule" means a schedule appended to these rules.
   (g) "Schedule Caste" means the Scheduled Caste as specifed in relation to this State under Article 341 of the Constitution of India. .
   (h) Scheduled Tribe" means the Schedul Tribe as specified in relation to this State under Article 342 of the Constitution of India.
   (i) "Service" means the Chhattisgarh Technical Education Class-III (Non-Ministerial) Service.
   (j) "State" means the State of Chhattisgarh.
   (k) "Domicile " means a bonafide resident of Chhattisgarh as per directives issued from time to time by the General Administration Department.

3. **Scope and Application:** - Without prejudice to the generality of the provisions contained in the Chhattisgarh Civil service (General Conditions of Service) Rules, 1961, these rules shall apply to member of the service.

4. **Constitution of the Service:** - The Service shall consist of the following persons, namely: -
   (1) Persons, who at the commencement of these rules are holding substantively on the posts specified in schedule-I,
   (2) Persons recruited to the Service before the commencement of these rules, and
   (3) Persons recruited to the Service in accordance with the provisions of these rules.

5. **Classifications, Scale of Pay etc.** - The classification of the Service, the scale of pay attached there to and the number of posts included in the Service shall be in accordance with the provision contained in Schedule-I;

